झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर-3,
धुर्वा, राँची - 834 004
दूरभाष . 0651-2444501, 2444502,
फैक्स-2444506
ई-मेल: jepcranchi1@gmail.com

An ISO 9001:2015 certified

पत्रांक 03/RMSA-P-VOC-05/2017/ 2993 दिनांक : 14.08.2024

प्रेषक,

आदित्य रंजन, भा.प्र.से.
राज्य परियोजना निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/
सभी जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, झारखण्ड।

विषयः 54वीं ऑनलाइन/ऑफलाइन राज्य स्तरीय वार्षिक प्रतियोगिता ''नया भारत गढ़ो'' के संबंध में।

प्रसंगः सचिव, स्वामी भवेशानन्द, रामकृष्ण मिशन आश्रम, राँची द्वारा प्रेषित पत्र Comp/906/231/2024 दिनांक 01.08.2024 के आलोक में।

महाशया/महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में कहना है कि रामकृष्ण मिशन आश्रम, दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र, राँची द्वारा राज्य स्तरीय वार्षिक प्रतियोगिता''Naya Bharat Gadho'' **Rebuild a new and vibrant India** विषय पर सामान्य प्रश्नोत्तरी (Quiz), निबंध प्रतियोगिता (Essay Writing) तथा Recitation का आयोजन कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं एवं कार्यरत शिक्षकों हेतु आयोजित किया जाना है।

उपरोक्त कार्य हेतु रामकृष्ण मिशन आश्रम, दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र, राँची द्वारा उपलब्ध कराये गये बेबसाईट http://www.rkmranchi.org/competition पर दिनांक 01.08.2024 से 10.11.2024 तक पंजीयन (निःशुल्क) हेतु उपलब्ध रहेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता नवम्बर,2024 के तीसरे और चौथे सप्ताह तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता दिसम्बर,2024 के दूसरे सप्ताह में आयोजित की जायेगी। विवरणी संलग्न।

इस कार्य हेतु अपने स्तर से जिला अन्तर्गत संचालित सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं कार्यरत शिक्षकों का निबंधन कराते हुए प्रतियोगिता में अधिकाधिक संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

अनुलग्नक : रामकृष्ण मिशन द्वारा
प्रेषित पत्र संलग्न।

विश्वासभाजन

(आदित्य रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांक :- 03/RMSA-P-VOC-05/2017/- 2993 राँची, दिनांक 14.08.2024

प्रतिलिपि :-

1. प्रभारी सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के सूचनार्थ प्रेषित।
2. सभी क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, झारखण्ड के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. सचिव, रामकृष्ण मिशन आश्रम, दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र, राँची के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(आदित्य रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक